पत्रांक–14 / ए०एफ–07 / 2018..........
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय,
भागलपुर।

पटना, दिनांक......./ ..../ 2026

विषयः– शारदा झुनझुनवाला महिला महाविद्यालय, भागलपुर को विज्ञान के प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–G/C/205/-C/1447 दिनांक–23.10. 2024 द्वारा विषयांकित महाविद्यालय को विज्ञान संकाय में शैक्षणिक सत्र 2024–28 के लिए अस्थायी संबंधन हेतु प्रस्ताव के साथ अन्य अभिलेख / कागजात उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्रस्ताव के समीक्षोपरांत विश्वविद्यालय से विभागीय पत्रांक–1405 दिनांक–19.09.2025 द्वारा प्रश्नगत महाविद्यालय के प्रयोगशाला के संबंध में अद्यतन स्थिति से विभाग को अवगत कराने संबंधी प्रतिवेदन की मांगी गई। उक्त प्रतिवेदन विभाग में ससमय उपलब्ध न होने / विलंब के कारण (प्रक्रियाजनित कारणों से) से विषयांकित महाविद्यालय का संबंधन का शैक्षणिक सत्र समाप्त हो चुका है, जिसके फलस्वरूप अब व्ययगत सत्र के लिए संबंधन देय नहीं है।

अतः अनुरोध है कि विषयांकित महाविद्यालय का विज्ञान संकाय के प्रस्तावित विषयों में संबंधन का प्रस्ताव पुनः नए सिरे से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, ताकि नये सत्र हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर यथोचित निर्णय लिया जा सके।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह० / –
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

S_AF_200

ज्ञापांक :–14 / ए०एफ–07 / 2018....–228 दिनांक....16./02./ 2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री उच्च शिक्षा विभाग के आप्त सचिव / सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निजी सहायक / निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक / उप सचिव, शिक्षा विभाग / उप निदेशक, उच्च शिक्षा एवं प्रभारी प्राचार्य, शारदा झुनझुनवाला महिला महाविद्यालय, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

2.आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Ajit 13/2/26

सरकार के उप सचिव

S_AF_ 201